Title : Regarding setting up of a Khelo India Centre at Katra in Shahjahanpur Parliamentary Constituency-Laid.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): यह प्रसन्नता की बात है कि हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी ने देश में ?खेलो इंडिया कार्यक्रम? की शुरुआत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में क्रीड़ाओं और खेलों के प्रसार और वहां मौजूद छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने के जिए प्रारंभ की है ।

मैं माननीय प्रधानमंत्री और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर, जिसे शहीदों की नगरी के नाम से भी जाना जाता है, में बैडमिंटन के लिए एक खेलो इंडिया केंद्र शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र के स्पोर्टस स्टेडियम शाहजहांपुर में अधिसूचित किया गया है ।

मेरा अनुरोध है कि उपरोक्त बैडमिंटन के अधिसूचित किए जाने के साथ-साथ क्षेत्र के कटरा में भी ?खेलो इंडिया कार्यक्रम? योजना के अंतर्गत एक स्टेडियम की स्थापना किए जाने हेतु सकारात्मक कार्रवाई की जाए ।